हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 न पूर्णता प्रमाण पत्र, न गुणवत्ता की गारंटी फिर भी हो गया लाखों का भुगतान



09 प्रशासन के लिए कठिन चुनौती बना किसानों को पराली जलाने से रोकना



खबर संक्षेप



वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में शामिल होने कांग्रेसी दिल्ली रवाना

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में सागर से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में शामिल होने रवाना हुए। कार्यकर्ता बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों से दिल्ली पहुंचेगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि राहुल गांधी के आह्वान पर आयोजित यह महारैली संविधान, लोकतंत्र और आमजन के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आयोजित इस प्रदर्शन में सागर कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है। रवानगी के दौरान शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खुरई में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन आज

सागर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ कार्यक्रम के तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद हेतु खुरई आडिटोरियम में आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह 1 नवम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे संबोधित करेंगे। इसी क्रम में मालथौन महाविद्यालय में 2 नवम्बर सोमवार को दोपहर 12 बजे युवा नेता अविराज सिंह युवा - विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। युवा नेता अविराज सिंह 3 नवम्बर, मंगलवार को दोपहर 12 बजे खुरई के आर एल एम महाविद्यालय में आयोजित युवा -विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध जनों से प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में हिस्सा लेने का आग्रह किया गया है।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर सागर पुलिस ने जिलेभर में किए आयोजन

सागर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में सागर पुलिस ने जिलेभर में सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एएसपी नरेंद्र सोलंकी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देश की संप्रभुता की रक्षा करने की शपथ दिलाई। इसी क्रम में जिले के सभी थानों में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 का शाम 5:30 बजे से सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के साथ स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने भी सहभागिता की।कार्यक्रमों के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के उनके संकल्प से लोगों को अवगत कराया गया। सागर पुलिस का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच समन्वय बढ़ाने के साथ समाज में आपसी सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना रहा।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की दिलाई शपथ

सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का लें संकल्प : सांसद डॉ. लता वानखेड़े

सागर में बिखरे एकता के रंग: 'रन फॉर यूनिटी' में दौड़े युवा, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सागर में यूनिटी रन का आयोजन किया गया। सांसद डॉ. लता वानखेड़े, महापौर संगीता तिवारी, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी रन को रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सदैव सजग एवं प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि स्वतंत्रता के समय हमारा देश 565 से अधिक रियासतों में विभाजित था। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प और कुशल नेतृत्व से इन रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इसी अतुलनीय योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण कराया है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी रन हमें उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करती है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए सदैव संकल्पित रहना चाहिए तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेष द्विवेदी, एसडीएम रोहित वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना समन्वयक गिरीश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी , भूतपूर्व सैनिक सहित बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



सरदार पटेल जयंती पर गढ़ाकोटा में दिखी सामाजिक एकता की मिसाल

भाजपा-कांग्रेस के नेता सहित सर्वसमाज के लोग हुए शामिल, भव्य रैली निकाल प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर गढ़ाकोटा में रैली एवं समारोह का आयोजन किया गया। टेड़िया मंदिर से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरदार पटेल स्टेडियम पहुंची। जगह-जगह नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने रैली का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा, नागरिक एवं सर्वसमाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर भाजपा और कांग्रेस के नेता एक मंच पर नजर आए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी जीवन पटेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह के प्रतिनिधि गौरव पटेल सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने देश की रियासतों के एकीकरण और अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। आयोजन ने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सामाजिक एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय समर सता का संदेश दिया।



कांग्रेस सेवादल ने रक्तदान शिविर आयोजित कर दी आयरन मैन और आयरन लेडी को श्रद्धांजलि

सागर। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस और देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मजयंती के अवसर पर जिला शहर कांग्रेस सेवादल ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान का आयोजन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष वी. बी. श्रीनिवासन, प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, सह प्रभारी सी.पी.गौतम,प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के आह्वान पर जिला शहर सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सेवादल के महासचिव विजय साहू ने बताया कि वह देश की ऐसी प्रधानमंत्री थीं, जिनके जैसा नेतृत्व पहले कभी देखने को नहीं मिला और भविष्य में भी ऐसा नेतृत्व मिलना मुश्किल है। उनके साहस ने दुनिया का भूगोल बदल दिया था। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने इंदिरा जी और लौह पुरुष सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपनी राजनीतिक कुशलता और अदम्य साहस से भारत को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। आज हम सभी कांग्रेसजनों का कर्तव्य है कि उनके आदर्शों पर चलते हुए लोकतंत्र, संविधान और देश की गंगा-जमुनी तहजीब की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करें। यही इन महान नेताओं के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने रक्तदान के बारे में बताते हुए कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। रक्तदाताओं में पवन घोषी, अंकुर यादव, अन्नू घोसी, परख शुक्ला, शिवम तिवारी, पंकज सोनी, अमन केसरवानी, दीपक दुबे, आयुष सेन, रोहित रैकवार, हर्षित पटेल आदि ने रक्तदान कर दोनों महापुरुषों को सार्थक श्रृद्धांजलि दी।कार्यक्रम में लीलाधर सूर्यवंशी, हरिश्चंद्र सोनवार, राजा सेन, शरद पुरोहित, लल्ला यादव, आनंद हेला, प्रवीण यादव आदि जन उपस्थित रहे।

ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान एवं सततता प्रदर्शनी आयोजित

48 गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण के मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक कला, विज्ञान एवं सततता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने 48 विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विज्ञान मॉडल के साथ जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, सामाजिक स्थिरता और चक्रीय अर्थव्यवस्था पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा लिप्पन आर्ट, कैनवास पेंटिंग, टेरेरियम मेकिंग, क्लॉथ आर्ट, रंगोली, ग्लास पेंटिंग, ज्वेलरी मेकिंग सहित विभिन्न कलात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।



निर्णायक मंडल में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रो. नीरज उपाध्याय, प्रो. धनंजय सिंह, प्रो. हेमंत पाटीदार, प्रो. वेंकट मुनि रेड्डी एवं वंदना ठाकुर शामिल रहे। प्राचार्या ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।

प्रतियोगिताओं में जल संरक्षण में अथर्व केसरी, कचरा प्रबंधन में तनिषी सिंह एवं श्वेतांबरा सिंह चौधरी, सामाजिक स्थिरता में राधिका परसाई एवं सौम्या दीक्षित तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था में देवांश जैन एवं अर्जुन वैद्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।लिप्पन आर्ट में ग्रुप सी से अनिका राजपूत और ग्रुप डी से राधिका बुंदेला प्रथम रहीं। कैनवास पेंटिंग में सूर्य सिंह ठाकुर, टेरेरियम मेकिंग में रूहिका भसीन तथा क्लॉथ आर्ट में श्वेतांबरा सिंह चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन पारुल साहू केशरी ने सभी निर्णायकों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

बलराम चौरसिया की स्मृति में भारतीय लोक जीवनदर्शन व्याख्यानमाला होगी आयोजित



सागर। भारतीय लोक जीवन के आदर्श मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वर्गीय बलराम चौरसिया की स्मृति में 'श्री बलराम चौरसिया स्मृति भारतीय लोक जीवनदर्शन व्याख्यानमाला' आयोजित की जाएगी। इसके लिए सागर की गवेषणा मानवोत्थान पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता समिति ने दर्शन परिषद (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) को 51 हजार रुपए की स्थायी निधि सहयोग स्वरूप प्रदान की है। समिति की प्रबंधकारिणी की 25 अक्टूबर 2026 को हुई बैठक में इस संबंध में संकल्प पारित किया गया। स्वर्गीय बलराम चौरसिया को क्षेत्र में कक्काजी के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 17 सितंबर 1926 को सागर के तिली ग्राम में हुआ था। वे पान की खेती से जुड़े होने के साथ सामाजिक सहयोग, उदारता, आध्यात्मिक साधना और उच्च जीवन मूल्यों के लिए पहचाने जाते थे। रामाश्रम सत्संग मथुरा की ध्यान साधना से जुड़कर उन्होंने हजारों लोगों को आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनका निधन 13 अक्टूबर 2014 को हुआ था। व्याख्यानमाला के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति, मानव गरिमा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरण संरक्षण, संयुक्त परिवार परंपरा और सामाजिक मूल्यों जैसे विषयों पर विश्लेषणात्मक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य भारतीय लोक जीवन के मूलभूत मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना और उनमें आधुनिकता का समन्वय स्थापित करना है।

मालथौन ब्लाक की नीमखेड़ा व गढ़ौली प्राथमिक शालाओं में बायस टायलेट निर्माण की स्वीकृति

सागर। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखण्ड की प्राथमिक शाला नीमखेड़ा तथा प्राथमिक शाला गढ़ौली में बायस टायलेट के निर्माण के लिए प्रति टायलेट 2.78 लाख की स्वीकृति जारी कर दी है। वित्तीय समिति की बैठक में हुए इस निर्णय में यह भी निर्देश दिए गए कि स्वीकृत स्कूलों में पूर्व से ही गर्ल्स टायलेट क्रियाशील होने चाहिए।



प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस का सेवा संकल्प, सरदार पटेल को भी किया नमन

सागर। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला चिकित्सालय, सागर में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा आज हम दो युग-पुरुषों को नमन कर रहे हैं। सरदार पटेल ने देश को एकता दी, तो इंदिरा जी ने देश को शक्ति और स्वाभिमान दिया। इंदिरा जी को उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू जी प्यार से 'प्रियदर्शिनी' कहकर पुकारते थे। वे वास्तव में प्रियदर्शिनी थीं - जो सबको प्रिय लगे और जो सबको सुंदर दृष्टि से देखे। इंदिरा जी ने बचपन में ही वानर सेना बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। वे भारत की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थीं। उन्हें 'आयरन लेडी' के नाम से दुनिया जानती है। 1971 में पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का निर्माण कराना, 'गरीबी हटाओ' का नारा देना, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रिवी पर्स समाप्त करना, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से देश को आत्मनिर्भर बनाना - उनके साहसिक फैसले थे। प्रियदर्शिनी इंदिरा ने देश की एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज हम फल वितरण कर उनके करुणा और सेवा के भाव को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और जिला अस्पताल के मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

'जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, कमियों को प्राथमिकता से दूर करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार व्यवस्था एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों, चिकित्सा इकाइयों एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल आमजन के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है, इसलिए इसे प्राथमिकता में रखते हुए यहां मरीजों को बेहतर उपचार, स्वच्छ वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

इमरजेंसी से लेकर दवा वितरण केंद्र तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर ने इमरजेंसी कक्ष में पहुंचकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी, शिफ्ट परिवर्तन एवं आपातकालीन सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की पर्ची बनाने की प्रक्रिया, ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्टोर रूम एवं दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता, लेबलिंग, मार्किंग एवं वितरण व्यवस्था देखी। उन्होंने उमंग स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल रिकॉर्ड विभाग, डिस्पेंसिंग रूम का भी निरीक्षण किया। सीटी स्कैन की बिलिंग एवं निर्धारित दरों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आईसीयू में सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.एस. जयंत, सीएमएचओ डॉ. देवेश पटेरिया एवं चिकित्सकों के साथ संक्षिप्त समीक्षा बैठक की। उन्होंने अस्पताल में 24 घंटे निगरानी व्यवस्था, रात्रिकालीन ड्यूटी, आपातकालीन स्थिति में चिकित्सकों को बुलाने की प्रक्रिया तथा आवश्यकता पड़ने पर बाहर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन होने वाली डिलीवरी एवं गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं तथा एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर यादव ने मदर मिल्क बैंक पहुंचकर नवजात शिशुओं को मदर मिल्क उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र, एसएनसीयू, उच्च निर्भरता इकाई आदर्श टीकाकरण केंद्र एवं वैक्सीनेशन यूनिट का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केयरटेकर ड्यूटी रूम की व्यवस्थाएं भी देखीं। उन्होंने टीकाकरण की गतिविधियों को समय-सीमा में ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अस्पताल परिसर में गंदगी एवं गंदे पानी के जमाव की स्थिति पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार करने तथा संबंधित एजेंसी से प्रतिदिन बेहतर तरीके से सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। जहां मच्छर एवं मक्खियों की समस्या है, वहां आवश्यक उपाय किए जाएं। पानी के लीकेज सहित अन्य व्यवस्थाएं सुधारने के लिए उपयुक्त व्यवस्था की जाए तथा आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञ कंसल्टेंसी की सहायता ली जाए। उन्होंने टॉयलेट के खराब दरवाजों, खिड़कियों, पर्दों, जालियों एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को इमरजेंसी कक्ष में आने पर मास्क लगाने की समझाइश देने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन रोकने के लिए जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाने तथा लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को कहा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं अच्छी हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-मोटी कमियां एवं समस्याएं संज्ञान में आई हैं, जिन्हें यथासंभव शीघ्र दूर कराया जाएगा।

डॉ. हरीसिंह गौर विवि में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करने के साथ हुआ। सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत राष्ट्रीय एकता दौड़ आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की।इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ. सुमन पटेल, महेंद्र कुमार, डॉ. मनोज जैन, दीपक दुबे, अनिल ब्राह्मणकार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट्स ने दौड़ में भाग लिया।

ग्राम टोरी की आदिवासी बस्ती में विकास के दावों की खुली पोल

न पूर्णता प्रमाण पत्र, न गुणवत्ता की गारंटी फिर भी हो गया लाखों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

सरकारी विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें अब आदिवासी बस्तियों तक पहुंच गई हैं। पलेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टोरी में आदिवासी परिवारों की सुविधा के लिए बनाई गई सीसी सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग कर महज औपचारिकता पूरी कर दी गई और निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। हैरानी की बात यह है कि शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार के अनुसार बिना पूर्णता प्रमाण पत्र और गुणवत्ता सत्यापन के ही करीब 3.50 लाख रुपये की पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। मामले में उपयंत्री से लेकर सहायक यंत्री, सरपंच और सचिव की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। इस संबंध में शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

आदिवासी बस्ती में विकास के नाम डाली पर परेशानी की सड़क



शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत टोरी में किशन आदिवासी के मकान से सिल्ले आदिवासी के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। इस निर्माण का उद्देश्य आदिवासी परिवारों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना था, लेकिन मौके पर सड़क की जो स्थिति दिखाई दे रही है, वह निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार का आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों का पालन नहीं किया गया। निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क कई स्थानों से क्षतिग्रस्त होकर उखड़ने लगी है। इसके अलावा निर्माण स्थल पर पारदर्शिता के लिए लगाया जाने वाला सूचना बोर्ड भी नजर नहीं आ रहा है।



बिना पूर्णता प्रमाण पत्र भुगतान का आरोप

मामले में वित्तीय अनियमितता का एक और गंभीर पहलू सामने आया है। शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार के अनुसार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्माण कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया, इसके बावजूद स्वीकृत करीब 3.50 लाख रुपये की पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल घटिया निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी राशि के भुगतान की प्रक्रिया और तकनीकी सत्यापन पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा। ग्रामीणों और शिकायतकर्ता ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाया है कि क्या आदिवासी बस्तियों में रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण सड़क का अधिकार नहीं है। जिन परिवारों की सुविधा के नाम पर सरकारी राशि स्वीकृत की गई, उन्हीं को घटिया निर्माण का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता करने वालों की जवाबदेही तय होना जरूरी है। शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच केवल कागजी दस्तावेजों के आधार पर नहीं, बल्कि मौके पर पहुंचकर कराई जाए। सीसी सड़क की गुणवत्ता, निर्माण में उपयोग की गई सामग्री, मूल्यांकन रिपोर्ट, तकनीकी सत्यापन, भुगतान संबंधी दस्तावेज और पूर्णता प्रमाण पत्र की स्थिति की बारीकी से जांच हो। साथ ही उपयंत्री राजेश द्विवेदी, सहायक यंत्री एकता तिवारी, सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की भूमिका की भी जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

तकनीकी अमले की भूमिका पर भी सवाल

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल पंचायत के तकनीकी अमले की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहा है। शिकायत में उपयंत्री राजेश द्विवेदी और सहायक यंत्री एकता तिवारी की भूमिका की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता दिवन चढ़ार का सवाल है कि जब उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्य का मूल्यांकन किया जाता है और सहायक यंत्री द्वारा उसका सत्यापन किया जाता है, तब घटिया निर्माण के बावजूद भुगतान की प्रक्रिया कैसे पूरी हो गई। यदि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं था तो तकनीकी अधिकारियों ने उसका मूल्यांकन और सत्यापन किस आधार पर किया गया।

इनका कहना है

हमारे संज्ञान में यह मामला नहीं है, आप हमें शिकायत आवेदन भिजवा दीजिये, हम जाँच करवा देंगे।

अरविन्द बोरकर, सीईओ, जनपद पंचायत पलेरा

यह 6 महीना पहले भुगतान हुआ था। मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है. इसमें पूर्व सचिव के द्वारा ही पेमेंट किया गया है जबकि इसका कोई मूल्यांकन नहीं हुआ है।

अरविंद पटेरिया, प्रभारी सचिव, ग्राम पंचायत टोरी

मैं इस सड़क की शिकायत कई महीनो से कर रहा हूं लेकिन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा आवेदन को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। जबकि बनाई गई सड़क में जबरदस्त भ्रष्टाचार हुआ है। जिसमें उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच, सचिव सभी जिम्मेदार है।

दीवन चढ़ार, शिकायतकर्ता

बड़ागांव धसान खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण

कलेक्टर के दो बड़े फैसले: किसानों को खाद व कुम्हारों को बाजार में टैक्स फ्री कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



रबी सीजन की फसल बुआई को देखते हुए किसानों को समय पर और आसानी से खाद उपलब्ध कराने के साथ ही दीपावली पर्व पर मिट्टी के उत्पाद बेचने वाले पारंपरिक कुम्हारों को राहत देने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रशासनिक स्तर पर दो महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। एक ओर खाद वितरण व्यवस्था में लापरवाही रोकने के लिए मार्कफेड के सभी गोदामों पर कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति अनिवार्य की गई है, वहीं दूसरी ओर दीपावली पर मिट्टी के दीये, मूर्तियां और सजावटी सामान बेचने वाले कुम्हारों से नगर पालिका, नगर पंचायत एवं पंचायत क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का कर अथवा बैठकी शुल्क नहीं वसूलने के निर्देश दिए गए हैं।

किसानों को खाद वितरण में परेशानी न हो, इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ागांव धसान स्थित खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सुचारू रूप से खाद उपलब्ध कराया जाए और वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाए। उल्लेखनीय है कि पीओएस सर्वर संबंधी तकनीकी समस्या के कारण गत दिवस खाद वितरण कार्य प्रभावित हुआ था, जिससे कई किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने प्रभावित किसानों के टोकन की अवधि में दो दिन की वृद्धि की है, ताकि उन्हें खाद प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। कलेक्टर ने पहले ही मार्कफेड के सभी गोदामों पर संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। साथ ही स्पष्ट किया था कि गोदामों पर उर्वरक लेने पहुंचने वाले किसानों को उनके टोकन के अनुसार उसी दिन खाद उपलब्ध कराया जाए। इन निर्देशों के पालन में शनिवार को सभी गोदामों पर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई।

कुम्हारों से नहीं वसूला जाएगा कर और बैठकी शुल्क

दूसरी ओर दीपावली पर्व को देखते हुए कलेक्टर ने कुम्हार समुदाय और माटीकला से जुड़े पारंपरिक शिल्पकारों के हित में भी महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। दीपावली पर मिट्टी के दीये, मूर्तियां और सजावटी उत्पाद तैयार कर बेचने वाले कुम्हारों को अपने उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार में उचित स्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नगर पालिका, नगर पंचायत और पंचायत क्षेत्रों में मिट्टी के उत्पादों की बिक्री करने वाले कुम्हारों एवं माटीकला शिल्पियों से किसी भी प्रकार का कर अथवा शुल्क वसूल नहीं किया जाए। उनका उद्देश्य है कि पारंपरिक मिट्टी के उत्पाद बनाने वाले शिल्पकार बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के दीपावली के अवसर पर अपने उत्पादों का विक्रय कर सकें और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध हो। कलेक्टर ने आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मिट्टी के दीयों का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है।

बम्होरीकलां में बनेगा 50 सीटर छात्रावास,मिली प्रशासनिक स्वीकृति

जतारा विधायक हरिशंकर के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

टीकमगढ़। ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के प्रयासों से बड़ी सौगात मिली है। जिले की जनपद पंचायत पलेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्होरीकलां में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 50 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने 4 करोड़ 29 लाख 99 हजार रुपये की लागत से छात्रावास भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। शासन द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।



जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि शिक्षा के विस्तार से ही सशक्त समाज और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। छात्रावास निर्माण की स्वीकृति क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने इस स्वीकृति को पूरे क्षेत्र के लिए हर्ष और गौरव का विषय बताते हुए कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। विधायक हरिशंकर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद और प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। बम्होरीकलां में 50 सीटर छात्रावास बनने से रहने की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का बेहतर अवसर मिलेगा। शासन द्वारा जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार छात्रावास भवन का निर्माण लगभग 1401.20 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसके लिए कुल 429.99 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। भवन में 25 आवासीय कक्षों के साथ किचन, डाइनिंग रूम, स्टोर रूम, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, कोचिंग कक्ष, अधीक्षक आवास गृह, चौकीदार कक्ष तथा तीन यूनिट शौचालय एवं स्नानघर का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफायर, इन्वर्टर, फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे, सोलर वाटर हीटिंग, बाउंड्रीवाल, पहुंच मार्ग, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और इंटरैक्टिव पैनल जैसी सुविधाएं भी शामिल की गई हैं। आदेश में निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए 24 माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस प्रकार छात्रावास भवन केवल विद्यार्थियों के रहने का स्थान नहीं होगा, बल्कि उन्हें अध्ययन, पुस्तकालय, कंप्यूटर और कोचिंग जैसी सुविधाओं से युक्त बेहतर शैक्षणिक वातावरण भी उपलब्ध कराएगा।

योजना हितग्राहियों से रूबरू हुए जिला पंचायत सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर उनकी स्थिति जानने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने ग्राम पंचायत समर्रा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर उनसे योजनाओं के लाभ और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सीईओ धाकड़ ने हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए जाना कि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ किस प्रकार मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से गांव की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। सीईओ धाकड़ ने कहा कि स्वच्छ गांव के निर्माण में ग्रामीणों की सहभागिता बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी ग्रामीणों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।



बेटी ने बढ़ाया गौरव, डॉ. निवेदिता बनीं एमडी पीडियाट्रिक्स की यूनिवर्सिटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर शहर की एक और बेटी ने सफलता का परचम लहराते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। टीकमगढ़ शहर के सुभाष पुरम कॉलोनी निवासी डॉ. निवेदिता पाठक (शुचि) ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए इंदौर की प्रतिष्ठित इंडेक्स यूनिवर्सिटी से एमडी पीडियाट्रिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यूनिवर्सिटी टॉपर बनने की इस उपलब्धि से न केवल पाठक परिवार, बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। डॉ. निवेदिता पाठक एसडीओ राजेश पाठक एवं नीलम पाठक की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। चिकित्सा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में विशेषज्ञता की पढ़ाई के दौरान विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है। अपनी इस सफलता पर डॉ. निवेदिता ने कहा कि यह उपलब्धि परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीया माताजी के आशीर्वाद तथा माता-पिता के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से संभव हो पाई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और गुरुजनों को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



उल्लेखनीय है कि पाठक परिवार वर्षों से गायत्री मिशन से जुड़ा हुआ है और सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। डॉ. निवेदिता की इस उपलब्धि को परिवार के लिए गौरव के साथ-साथ क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है। उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि कठिन परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिवार के सहयोग से ऊंचे से ऊंचे मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। डॉ. निवेदिता की इस शानदार उपलब्धि पर गायत्री परिवार, परिजनों, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्हें बधाई देने वालों में डॉक्टर एमपी गुप्ता, महेश बादल, दिलीप कटारे, डॉक्टर योगरंजन, राजेंद्र सिंह परमार, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला एवं प्रतिभा बुंदेला सहित समस्त गायत्री परिवार के सदस्य शामिल हैं।

ओवरलोड रेत परिवहन पर खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई



टीकमगढ़। जिले में खनिजों के अवैध एवं नियम विरुद्ध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को पलेरा क्षेत्र में संयुक्त टीम ने ओवरलोड रेत का परिवहन करते एक डंपर को पकड़कर जब्त किया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी विपुल रावत के मार्गदर्शन में खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने पलेरा क्षेत्र में निरीक्षण एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेत से भरा एक डंपर जांच के लिए रोका गया। वाहन की जांच करने पर उसमें निर्धारित क्षमता से अधिक रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। नियमों का उल्लंघन सामने आने पर संयुक्त टीम ने डंपर को जब्त कर लिया। वाहन के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में नवनियुक्त खनिज निरीक्षक सहित खनिज विभाग के अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं स्थानीय पुलिस टीम ने भी कार्रवाई में सहयोग किया। खनिज विभाग के अनुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज ले जाने वाले वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी।

पलेरा में निर्धारित क्षमता से अधिक रेत ले जाते पकड़ा गया

फसल की आवक बढ़ने पर ही अवकाश दिनों में कृषि उपज मंडी संचालित करने पर बनी सहमति

राजधानी से जारी निर्देश पालन के संबंध में बैठक कर लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

किसानों की सुविधा और उनकी कृषि उपज के समय पर विक्रय को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा प्रदेश की सभी छोटी-बड़ी कृषि उपज मंडियों को अवकाश के दिनों में भी संचालित रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के इन निर्देशों के पालन और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्था निर्धारित करने के लिए शनिवार को टीकमगढ़ कृषि उपज मंडी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंडी में जब कृषि उपज की आवक अधिक होगी और किसानों को उपज बेचने के लिए अतिरिक्त कार्यदिवस की आवश्यकता होगी, तब परिस्थितियों के अनुसार अवकाश के दिनों में भी मंडी का संचालन किया जाएगा। उक्त बैठक कृषि उपज मंडी की प्रभारी अध्यक्ष एवं एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें मंडी सचिव विलियम जॉर्ज सहित किसान संघ अध्यक्ष शिवमोहन गिरी, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश साहू, तुलावट संघ अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रहीश यादव, व्यापार संघ महामंत्री संजय सोनी, हम्माल संघ अध्यक्ष अंसार खान तथा मंडी लिपिक राहुल तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



आबक बढ़ने को लेकर मंडी बोर्ड ने जारी किया आदेश

दरअसल, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना द्वारा 30 अक्टूबर को प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडियों को अवकाश के दिनों में भी संचालित रखने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड ने अपने निर्देश में उल्लेख किया है कि वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। फसल कटाई के बाद किसानों को अपनी उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसे में यदि मंडियां अवकाश के कारण बंद रहती हैं तो किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए आगामी कार्यदिवस तक इंतजार करना पड़ सकता है। इससे न केवल कृषि उपज के विक्रय में विलंब होता है, बल्कि किसानों को आर्थिक एवं व्यावहारिक असुविधाओं का भी सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए बोर्ड ने मंडी अधिकारियों को अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के साथ आवश्यक चर्चा एवं बैठक कर समन्वय स्थापित करने तथा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अवकाश के दिनों में भी मंडी और उपमंडी प्रांगण में कृषि उपज के विपणन की गतिविधियां संचालित हो सकें।

परिस्थिति अनुसार आदेश का पालन करने पर बनी सहमति

बैठक में मंडी की वर्तमान आवक, किसानों की संख्या, व्यापारियों की उपलब्धता और अवकाश के दिनों में मंडी संचालन की व्यवहारिकता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि प्रदेश की सभी मंडियों में कृषि उपज की आवक एक समान नहीं रहती। कुछ बड़ी मंडियों में प्रतिदिन भारी मात्रा में उपज पहुंचती है, जबकि छोटी मंडियों में कई बार आवक काफी कम रहती है। ऐसी स्थिति में सभी मंडियों के लिए एक जैसी व्यवस्था लागू करने के बजाय स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकता को भी ध्यान में रखना जरूरी है। बैठक में उपस्थित किसान एवं व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी किसानों की सुविधा और मंडी संचालन की व्यवहारिक व्यवस्थाओं के संबंध में अपने विचार रखे। अंततः सहमति बनी कि टीकमगढ़ मंडी में जिस दिन कृषि उपज की आवक अधिक होगी और किसानों को उपज विक्रय करने में परेशानी या अतिरिक्त इंतजार की स्थिति बनेगी, उस समय आवश्यकता के अनुसार अवकाश के दिन भी मंडी संचालित की जाएगी। इस निर्णय से किसानों को अपनी उपज के विक्रय के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और फसल कटाई के व्यस्त समय में उन्हें अतिरिक्त सुविधा मिल सकेगी। अब मंडी प्रबंधन को स्थानीय आवक और किसानों की जरूरत के अनुसार अवकाश के दिनों में संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

न समझाइश काम आ रही है न ही चलानी कार्रवाई से डर रहा किसान

प्रशासन के लिए कठिन चुनौती बना किसानों को पराली जलाने से रोकना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पराली जलाने से रोकने के लिए प्रशासन और किसानों के बीच आंख मिचौनी का खेल लगातार चल रहा है। प्रशासन जितनी अधिक सख्ती पराली जलाने से रोकने के लिए कर रहा है किसान उतनी ही तत्परता से पराली को जला भी रहे हैं। हालांकि कलेक्टर शीला दाहिमा खुद किसानों के बीच जाकर उन्हें पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में समझाइश दे रही हैं और इसका असर भी किसानों को होता दिख रहा है लेकिन इतना अधिक असर नहीं हो रहा जिससे लगे कि जिले में किसानों का पराली जलाने से मोह भंग हो गया है। शिकायत मिलने पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है लेकिन इस कार्रवाई का विरोध भी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते होने से प्रशासन खास कार्रवाई करने में गुरेज कर रहा है।

शुक्रवार को नगर परिषद बड़ौदा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित हुए शिविर में कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों से आह्वान किया गया था। ज्ञात हो कि बड़ौदा मुख्यालय बत्तीसा क्षेत्र का मुख्यालय है जहां जिले में सबसे अधिक खेती किसानी और फसल पैदावार होती है यहां किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताना जरूरी भी था। यही नहीं कलेक्टर ने शिविर के बाद कुछ गांव का भ्रमण भी किया और खेतों में पहुंचकर किसानों को समझाइश भी दी कि वह पराली को जलाए नहीं बल्कि या तो उसके गट्ठर बनाकर बाजार में सेल करें इसके लिए प्रशासन होने मशीन बैंक लोन से सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराएगी या फिर पराली को खेत में ही पानी भरकर सड़ने दें जो ग्रीन खाद के रूप में फसल को उपजाऊ करेगी। इससे रासायनिक खाद पर आपकी निर्भरता भी कम होगी और खेती का रासायनिक खाद के कारण होती जा रही बंजरपन की समस्या भी दूर होगी।

कलेक्टर के इस दौरे के बाद किसानों ने जागरूकता का परिचय दिया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पराली नहीं जलाएंगे लेकिन जैसे ही कलेक्टर ने पीठ फेरी वैसे ही कई गांव से पराली जलाने की सूचना आ गई। हालांकि पटवारियों ने संबंधित किसानों के नाम लेटर भेज कर जुर्माना भी कर दिए लेकिन जिले मे पराली जलाने से रोकने की सूरत कहीं दिखाई नहीं पड़ी।



राजनेताओं की अरुचि से सफल नहीं हो रहा प्रयास

पराली जलाने से रोकने के लिए प्रशासन जितने भी प्रयास कर रहा है वह फिलहाल निर्मूल ही साबित हो रहे हैं। राजनेताओं की अरुचि के चलते किसानों को पराली जलाने से रोकने मे प्रशासन सफल नहीं हो पा रहा हैं। दरअसल राजनेता अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते किसानों को नाराज नहीं करना चाहते यही कारण है कि वह किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील तक नहीं कर रहे हैं। बल्कि कई नेता तो किसानों के समर्थन में आकर पराली जलाने से रोकने के लिए की जा रही चालानी कार्रवाई का भी विरोध करने के लिए मुखर होते दिख रहे हैं। ऐसे नेताओं में विपक्ष ही नहीं सकता पक्ष के नेता भी शामिल हैं। कुछ खुलकर पराली जलाने का विरोध कर रहे हैं तो कुछ चुप रहकर किसानों के नाराजगी को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

जुर्माना कार्रवाई पर किसान उठा रहे सवाल

जो किसान प्रशासन द्वारा दी जा रही समझाइश को नजरअंदाज करते हुए पराली जला रहे हैं उन पर तहसीलदार के माध्यम से जुर्माना की कार्रवाई भी की जा रही है पर ऐसे जुर्माना पर अब किसान उल्टे प्रशासन को घेर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चलानी कार्रवाई का विरोध करते हुए वह लिख रहे हैं कि उनके खेतों में फसल खड़ी हुई है इसके बाद भी पराली जलाने के नाम पर उन्हें जुर्माना का नोटिस भेज दिया गया। कुछ किसान यह भी कह रहे हैं कि उनके नहीं पड़ोसी के खेत में पराली जली थी लेकिन पड़ोसी के बजाय कार्रवाई उन पर कर दी गई। ऐसे ही आरोप प्रत्यारोप लेकर किसान नेताओं के पास पहुंच रहे हैं जहां नेता किसानों के सामने तसहसीलदार स्तर के अफसरों की क्लास भी लेकर किसानों के सामने हीरो बनने से नहीं चूक रहे हैं। उधर पटवारियों का कहना है कि वह हर खेत को पहचानते हैं और फसल गिरदावरी के रिकॉर्ड के अनुसार उनके पास खेत की पूरी जानकारी है इसलिए वह गलत सूचना नहीं देते हैं किसान चालानी कार्रवाई से बचने के लिए मिथ्या आरोप पटवारी पर लगा रहे हैं।

इनका कहना...

पराली जलाने से होने वाले नुकसान के लिए किसानों को लगातार समझाइश दी जा रही है जो किसान इसको नजरअंदाज कर पराली जला रहे है उन पर जुर्माना की कार्रवाई भी की जा रही है। शुक्रवार को भी कुछ खेतों में जल रही पराली को फायर ब्रिगेड से बुझाया गया। पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना किए जाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

गगन सिंह मीणा
एसडीएम श्योपुर

कांग्रेसियों ने किया पूर्व प्रधानमंत्री को याद, दी श्रद्धांजलि

देश की संप्रभुता रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदानी थी इंदिरा गांधी:जंडेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। उन्होंने अपने प्राणो से बढ़कर देश की संप्रभुता को महत्व दिया और देश पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। ऐसा नेता सदियों मे जन्म लेता है। हम भाग्यशाली हैं कि इंदिरा गाँधी हमारी नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष थीं। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने शनिवार को अम्बेडकर पार्क पर शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे सम्बोधन देते हुए कही। वहीं उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को दृढ़ इच्छाशक्ति परिचायक बताया।

जिला कांग्रेस कमेटी श्योपुर द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में इंदिरा गांधी का शहीदी दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जिसमें बड़ी संख्या मे कांग्रेसी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष फौजी ने कहा कि दोनों महान नेताओं का जीवन हम सभी के लिए त्याग, साहस, राष्ट्रसेवा और एकता की प्रेरणा है। उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संविधान की रक्षा, सामाजिक एकता और देश की अखंडता के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, वरिष्ठ नेता शौकतउल्लाह खान, प्रहलाद सेन, रामावतार जोशी, अरविंद सिंह जाट, बृजेश गहरवार,रामचरण मीणा, नवल सिंह चौबे, हंसराज मीणा, साजिद खान, रामकुमार उमरिया, रामस्वरूप वैष्णव, महेश प्रजापति, राममिलन रावत, दारा सिंह मीणा, अशोक गौड़ , डॉ शहजाद, पार्षद सुमेर सिंह, इमरान खान ,कासिम, विनोद माहोर, सिराज दाऊदी, रामवतार मीणा, लक्ष्मी नारायण सेन, कमलेश मीणा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस ने जलाया हरदीप सिंह का पुतला, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा सांसद उम्मीदवार बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को पाली रोड स्थित अम्बेडकर पार्क के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए हरदीप सिंह पुरी का पुतला जलाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने अंबेडकर पार्क के सामने पाली रोड पर हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया तथा उनका पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष फौजी ने कहा कि एपस्टीन फाइल मे हरदीप सिंह पुरी का नाम विवादों में आने के बावजूद भाजपा द्वारा उन्हें मध्यप्रदेश से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाना प्रदेश की जनता और मध्यप्रदेश के सम्मान का अपमान है। भाजपा को मध्यप्रदेश में योग्य और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की अनदेखी कर ऐसे विवादित चेहरे को उम्मीदवार बनाने का जवाब देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसजन, आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बड़ौदा पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर ,सवा किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब सवा किलो गांजा जब्त किया है।

बडौदा टीआई अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि बीती शाम को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर राकेश माहौर पुत्र रामचंद्र माहौर निवासी वार्ड क्रमांक 02 बडौदा को उस समय दबोच लिया,जब वह गांजे को खफाने के लिए चंद्रसागर मंदिर रोड से कहीं जा रहा था, तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 260 ग्राम गांजा जब्त किया है। इस कार्रवाई में बडौदा टीआई के अलावा एएसआई श्यामवीर सिंह यादव, प्रआ अखिलेन्द्र सिंह, नरेश अनंत, मनोज सिकरवार, अनिल राठौर, आरक्षक रवि राजावत, आरक्षक चालक कुलदीप शर्मा का अहम योगदान रहा है।

सतर्कता जागरूकता अभियान कल

श्योपुर। आयकर विभाग, मुरैना द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत सोमवार को श्योपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।यह कार्यक्रम मंगल पैलेस, एक्सिस बैंक के समागार मे आयोजित किया जायगा। यह जानकारी आयकर अधिकारी सनी भार्गव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं एवं आम नागरिकों को कर नियमों के प्रति जागरूक करना, समय पर कर भुगतान, पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के अनुपालन को प्रोत्साहित करना है। आयकर विभाग ने सभी संबंधित संगठनों एवं व्यापारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

फोटोग्राफर आदिल खान का हार्टअटैक से निधन



श्योपुर। शहर के प्रसिद्ध फोटो ग्राफर आजाद फोटो स्टूडियो के सह संचालक आदिल खान का हार्ट अटैक आने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। करीब 35 वर्षीय आदिल खान आजाद फोटो स्टूडियो के संचालक पप्पू भाई के बेटे थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्हें पाली रोड स्थित मकबरे कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

करहल में तहसील के सामने हादसा

मेटाडोर ने कुचला युवक मौके पर ही दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर शनिवार की दोपहर तीन बजे एक बेकाबू मेटाडोर ने एक युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा करहल कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने घटित हुआ। करहल थाना पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए मौके से भागी मेटाडोर को सेसईपुरा के पास से जब्त कर लिया है।

करहल थाना पुलिस ने बताया कि करहल निवासी मुकेश 30 वर्ष पुत्र रामचरण आदिवासी शनिवार की दोपहर को जब करहल कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने सडक पर घूम रहा था,तभी श्योपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही मेटाडोर ने मुकेश को कुचल लिया। इस दौरान मुकेश का सिर मेटाडोर के पिछले पहियो के नीचे आने से बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेटाडोर चालक मेटाडोर को लेकर भाग गया। इस मामले में करहल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए मौके से भागी मेटाडोर को सेसईपुरा के पास से जब्त कर लिया और घटनास्थल से शव को उठाकर पीएम के लिए करहल अस्पताल में पहुंचाया।



सोंईकलां मिडिल स्कूल में पहुंची टीम,बच्चों संग बैठकर चखा मध्यान्ह भोजन का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकारी स्कूलो में पढ रहे बच्चो को समय पर मध्यान्ह भोजन मिल रहा है या नहीं और मिल रहा है तो कैस मिल रहा है,इसकी हकीकत देखने के लिए जिला पंचायत सीईओ कार्तिकेय जायसवाल के द्वारा स्कूल वार निरीक्षण करने के लिए अलग अलग विभागों की टीमे बना दी गई है। जो अलग अलग स्कूलों में मध्यान्ह भोजन को चैक करने के लिए पहुंच रही है। इसी क्रम में शनिवार को एक टीम सोंईकलां स्थित एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। सोंईकलां विद्यालय में पहुंची टीम में सहायक कोषाध्यल अधिकारी कुलदीप धाकड, राहुल शिवहरे तथा वासुदेव शर्मा शामिल थे। इनके द्वारा विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन का न सिर्फ निरीक्षण किया,बल्कि स्कूली बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन का स्वाद भी चखा। साथही इस संबंध में स्कूली बच्चों से चर्चा करते हुए मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। स्कूल प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के लिए स्कूल में पहुंची टीम ने कक्षा में पहुंचकर बच्चो की पढाई की स्थिति देखी। इस दौरान कक्षा 6 वीं में अंग्रेजी विषय और कक्षा 7वीं में सामाजिक विज्ञान विषय की पढाई को लेकर छात्र छात्राओ से पूछताछ की।



मानपुर, ढीमचौतरा, बगदिया और बरौली में नए बिजली सब स्टेशन निर्माण की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

श्योपुर जिले में बनेंगे चार नए बिजली सब स्टेशन, दूर होगी वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के मानपुर, ढोढर और रघुनाथपुर क्षेत्र के गांवों में बनी बोल्टेज की समस्या अब जल्द ही दूर हो जाएगी और क्षेत्रीय किसानों को बेहतर तरीके से बिजली की उपलब्धता होना शुरू हो जाएगी। ऐसा इसलिए कि शासन की ओर से श्योपुर जिले में चार नए 33-11 केव्ही बिजली सब स्टेशन बनाए जाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह चारो नए सब स्टेशन मानपुर, ढीमचौतरा, बगदिया और बरौली में बनाए जाएंगे। भूमि आवंटन के बाद इन चारो नए बिजली सब स्टेशनों का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा। भूमि आवंटन की कार्रवाई जिला प्रशासन की ओर से की जाएगी, इसलिए इसलिए बिजली कंपनी के द्वारा भूमि आंवटित किए जाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पत्र प्रेषित करते हुए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार मानपुर, ढीमचौतरा, , बगदिया और बरौली में नए बिजली सब स्टेशन स्वीकृति किए गए है। हालांकि इन स्थानों के लोगो को फिलहाल बिजली की उपलब्धता हो रही है। बिजली की यह उपलब्धता आसपास के बिजली सब स्टेशनों से हो रही है। लेकिन जिन सब स्टेशनों से हो रही है,वहां बिजली का लोड अधिक हो रहा है। इसलिए इन क्षेत्रो के लोगो खासकर किसानों के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। स्थिति यह बन रही है कि कभी बिजली बार बार गुल हो रही है तो कभी बोल्टेज कम आ रहे है। जिसके चलते इन क्षेत्रो के किसान ठीक से अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पाते है और परेशानी उठाते है। इसलिए क्षेत्र के लोग उनके लिए नए बिजली सब स्टेशन बनाए जाने की मांग उठा रहे थे। बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय लोगो की मांग के आधार बिजली कंपनी ने मानपुर, बगदिया, ढीमचौतरा, और बरौली में नए सब स्टेशन स्वीकृत किए जाने के प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए शासन की ओर से भेजे गए। बिजली कंपनी के सूत्रो की माने तो नए सब स्टेशन के निर्माण पर करीब ढाई करोड रूपए की राशि खर्च होती है। इसलिए शासन की ओर से ढाई करोड रूपए के मान से इन चारो नए सब स्टेशनों के निर्माण के लिए राशि मंजूर की गई है।



अब भूमि आवंटन की दरकार

श्योपुर जिले में स्वीकृत चारो नए बिजली सब स्टेशनों के लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। लेकिन अभी इनके लिए भूमि आवंटित नहीं हुई है। भूमि आंवटन के बिना इन सब स्टेशनों का निर्माण धरातल पर शुरू होना संभव नहीं है। इसलिए बिजली कंपनी के द्वारा इन सब स्टेशनों निर्माण के लिए भूमि आंवटित किए जाने के लिए जिला प्रशासन की ओर पत्र प्रेषित कर दिया गया है। लेकिन अब भूमि आंवटित कब होगी,इसका फिलहाल पता नहीं है। लेकिन भूमि आंवटित होने में जितनी देर होगी,उतना ही विलंब सब स्टेशनों के निर्माण में होगा।

कम होगा लोड, दूर होगी वोल्टेज की समस्या

बताया जा रहा है कि मानपुर, बगदिया, ढीमचौतरा, और बरौली में नए बिजली सब स्टेशनों का निर्माण होने के बाद इन क्षेत्रो के किसानों को पर्याप्त बोल्टेज के साथ बिजली की उपलब्धता होना शुरू हो जाएगी। वहीं इन क्षेत्रों में पहले जिस सब स्टेशन से बिजली मिल रही थी, उन सब स्टेशनों पर भी बिजली का लोड कम हो जाएगा। जिसकारण इन सब स्टेशनों से जुडे अन्य गांवों के किसानों को भी पर्याप्त बिजली की उपलब्धता हो सकेगी। बता दे कि मानपुर में नया बिजली सब स्टेशन बनने से जैनी सब बिजली स्टेशन पर लोड कम हो जाएगा। वहीं ढीम चैतरा में सब स्टेशन बनने से ढोढर सब स्टेशन, बगदिया में सब स्टेशन बनने से सोंईकलां सब स्टेशन तथा बरौली में सब स्टेशन बनने से रघुनाथपुर स्थित बिजली सब स्टेशन पर बिजली का लोड कम हो जाएगा और इन क्षेत्र के गांवों के किसानों को भी बेहतर तरीके से बिजली की उपलब्धता होना शुरू हो जाएगी।

इनका कहना है...

मानपुर, ढीमचौतरा, बगदिया और बरौली में चार नए सब स्टेशन बनाएं जाएंगे,इसके लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है और भूमि आवंटित किए जाने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भूमि आवंटित होते ही चारो नए सब स्टेशनों का निर्माण धरातल पर शुरू हो जाएगा।

एलके पनिका
डीजीएम एसटीसी, श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात करके हमने बिजली की जिन समस्याओ से उन्हें अवगत कराया था, उसी क्रम में श्योपुर जिले में चार नए सब स्टेशनों की स्वीकृति शासन की ओर से प्रदान कर दी गई है। इन सब स्टेशनों का निर्माण किए जाने के लिए भूमि जल्द से जल्द आवंटित हो, इसके लिए भी हम प्रयास कर रहे है ताकि भूमि आवंटित होते ही इन सब स्टेशनों का निर्माण शुरू हो सके।

सुरेन्द्र सिंह जाट
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा,श्योपुर

रन फॉर यूनिटी: कॉलेज से पटेल चौक तक दौड़ आयोजित, राष्ट्रीय एकता की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। पाली रोड स्थित कॉलेज से पटेल चौक तक आयोजित रन फॉर यूनिटी में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक, युवा वर्ग, खिलाडी एवं विद्यार्थी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ भी ली गई।

रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ पीएम एक्सीलेंस कॉलेज से अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय एवं एएसपी प्रवीण भूरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रन फॉर यूनिटी का समापन पटेल चौक पर समारोहपूर्वक हुआ, जहां अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, कैलाश नारायण गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, रामप्रसाद पारेता, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, राजबहादुर मारू, दिनेश दुबोलिया, प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, खेल अधिकारी अरूण चौहान आदि विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



सारंग से मिला प्रतिनिधि मंडल, सौंपा मांग पत्र

श्योपुर। भागवत कथा में शामिल होकर लौट रहे मप्र सरकार के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग से शनिवार को गसवानी भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश धाकड की अगुवाई में एक प्रतिनिधी मंडल ने मुलाकात करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया और क्षेत्र में निर्मित खाद की समस्या से अवगत कराते हुए सहसराम में नगदीकरण खाद विक्रय केन्द्र खोले जाने के संबंध में मांगपत्र भी सौंपा। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा एलोकेंद्र शास्त्रीए रामस्वरूप नेताजी सहकारी संस्था अध्यक्ष शिवराज सिंह धाकड़ए खैरू जाटव एकोकसिंह तोमरए धर्मेंद्र धाकड़ए राजेन्द्र जैन जगदीश धाकड़ सहित भाजपा मंडल गसवानी के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत वर्षा पत्नि दीपक साहू उम्र 33 साल निवासी अचलगढ़ ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

बिजली का करंट लगने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी पूजा पत्नि शनि जोगी उम्र 28 साल को बिजली का करंट लग गया था, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामंले की जांच की जा रही है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत विनय पुत्र हीरालाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी उर्जा कॉलोनी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी निवासी रामनिवास रघुवंशी एडवोकेट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि न्यायालय परिसर अशोकनगर से कोई अज्ञात चोर उनकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेडबी 1025 है, पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

महिला की बाइक से नीचे गिरने से मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत अरोंन की तल्लैया के पास से जब बाईक निकल रही थी उसी समय बाईक एक स्वान से टकरा गई। जिससे ज्ञान बाई पत्नि स्वर्गीय जसरथ लोधी उम्र 50 साल निवासी तारई की मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जिला मुख्यालय पर संचालित डबललॉक केन्द्र अशोकनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डबललॉक केन्द्र पर डीएपी स्टॉक की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा उर्वरक वितरण के लिए संचालित ई-विकास प्रणाली के तहत ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की जानकारी ली।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी विकास बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रीत रघुवंशी, अभिषेक रघुवंशी और मनीष शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी धर्मेन्द्र जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय राय ने उससे मोबाइल पर अश्लील गालियां दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आंवरी निवासी देशराज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेजी निवासी संतोष शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिओम और सहदेव रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हरिओम रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष और बृजेश शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नावनी निवासी नीलेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी काशीराम और आकाश साहू ने उसके घर में घुसकर लोहे की छड़ से मारपीट की। जिले के थाना चंदेरी क्षेत्र के अंतर्गत नयाखेड़ा निवासी थान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलराम और राहुल लोधी ने उससे मारपीट की।

युवा एवं विद्यार्थी संवाद व प्रबुद्धजन गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाने वालों को देश का जागरूक युवा देगा जवाब : वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बीबीएम विद्यालय में युवा एवं विद्यार्थी संवाद तथा होटल सिटी टॉप में प्रबुद्धजन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, मतदाता सूची की शुद्धता, राष्ट्रहित तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. लता वानखेड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति संविधान, संवैधानिक संस्थाओं और देश की जागरूक जनता में निहित है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता फैलाना तथा संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में देश के युवाओं को भ्रमित करने तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने की राजनीति अत्यंत चिंताजनक है।

डॉ. वानखेड़े ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वालों को अपने राजनीतिक इतिहास का भी आत्ममंथन करना चाहिए। देश आपातकाल का वह दौर नहीं भूला है, जब नागरिक स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध लगाए गए और लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित किया गया। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में अनेक निर्वाचित राज्य सरकारों को बर्खास्त करने जैसे निर्णय भी लिए। आज वही कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए तथा मृत, दोहराव वाले और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास है, तो कांग्रेस इसके विरोध में राजनीतिक वातावरण क्यों बना रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने या हारने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और संवैधानिक मर्यादाओं पर आधारित एक सशक्त प्रणाली है। जनता का जनादेश लोकतंत्र की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जिसका सम्मान प्रत्येक राजनीतिक दल का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक असफलताओं का आत्ममंथन करने के बजाय निर्वाचन प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर जनता के बीच भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास कर रही है। चुनावी पराजय का दोष लोकतांत्रिक संस्थाओं पर मढ़ना स्वस्थ राजनीतिक परंपरा नहीं हो सकती।

युवा केवल देश का भविष्य नहीं, लोकतंत्र के सजग प्रहरी भी हैं : निर्मला सप्रे



विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। जब युवा शिक्षित, जागरूक और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित होते हैं, तब लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। युवाओं को संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका तथा मतदान के महत्व को समझना चाहिए। किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या राजनीतिक दुष्प्रचार से प्रभावित होने के बजाय तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनानी चाहिए।

शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता केवल मजबूत संस्थाओं से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों और जिम्मेदार राजनीतिक आचरण से सुनिश्चित होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को अराजकता में बदलना लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं अत्यंत तेजी से प्रसारित होती हैं। ऐसे में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही और भ्रामक जानकारी के बीच अंतर करना है। बिना तथ्यों की पुष्टि किए किसी भी राजनीतिक प्रचार पर विश्वास करना समाज में भ्रम और अविश्वास को बढ़ावा दे सकता है।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति उसकी जागरूक जनता है। लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से सशक्त होता है। लोकतंत्र में विचारों की भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए समाज में भ्रम, अविश्वास और अराजकता का वातावरण निर्मित करना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी लोकतंत्र की वास्तविक भावना को समझे और किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार से प्रभावित होने के बजाय तथ्यों एवं सत्य के आधार पर अपने विचार निर्धारित करे। मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास लोकतंत्र की मजबूती के महत्वपूर्ण आधार हैं। कार्यक्रम में अभियान जिला संयोजक मनीष चौबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. विनोद पंथी, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, जिला उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर एवं यश अग्रवाल, जिला मंत्री आसमा जैन, सह कार्यालय मंत्री भूपेंद्र नामदेव, जिला सह मीडिया प्रभारी साहब राज यादव, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विशाल कुर्मी, वित्तर सिंह, पवन यादव, वरिष्ठ नेता मनोज शर्मा, महामंत्री आलेख राय, नंदकिशोर चौधरी, शुभम तिवारी, सभापति भारती राय, प्रदीप तिवारी, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, विद्यालय परिवार तथा बड़ी संख्या में युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित

व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास सकारात्मक सोच व निरंतर सीखना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की ओर से व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराते हुए उनमें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं समय प्रबंधन जैसे गुणों का विकास करना था।

कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास केवल बाहरी व्यक्तित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति के ज्ञान, व्यवहार, विचार, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का समन्वित विकास ही प्रभावी व्यक्तित्व की पहचान है। उन्होंने छात्राओं से सामान्य ज्ञान से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे और उनकी सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही उन्होंने सामान्य ज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को छात्राओं को सरल एवं सहज तरीके से समझाया। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, अपने ज्ञान का विस्तार करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नम्रता गर्ग ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, सकारात्मक सोच, व्यवहार-कौशल एवं व्यक्तित्व के आंतरिक तथा बाह्य पक्षों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल और प्रभावशाली व्यक्तित्व भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्तित्व विकास की बारीकियों को समझाया। उन्होंने छात्राओं को अपने भीतर आत्मविश्वास विकसित करने, सकारात्मक सोच रखने, समय का सदुपयोग करने तथा अनुशासन को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने ज्ञान, व्यवहार एवं कौशल में निरंतर सुधार करता है। मंच संचालन डॉ. निशि भदौरिया द्वारा किया गया।

मुंगावली में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम व मासिक बैठक आयोजित

अशोकनगर। शुक्रवार को जनपद पंचायत मुंगावली के सभाकक्ष में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय एवं क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में विकासखंड की 27 सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में वेदप्रकाश गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विकासखंड समन्वयक वंदना सागर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं जनभागीदारी से ग्राम विकास को गति देने पर जोर दिया गया।

गणना ब्लॉकों के गठन व सीमांकन की समीक्षा

जिला जनगणना टीम ने जनगणना 2027 की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना तथा नोडल अधिकारी डी.एन.सिंह, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बी.एस.वसुनिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 14 चार्ज क्षेत्रों का जिला जनगणना टीम द्वारा भ्रमण किया गया।

जिसमें जनगणना के प्रथम चरण में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाईजर, प्रगणक का मानदेय भुगतान की समीक्षा की गई। भोपाल से आए जिला जनगणना प्रभारी जमील खान ने समस्त चार्ज कार्यालयों का भौतिक निरीक्षण, कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में गणना ब्लॉक के गठन एवं संक्षिप्त मकानसूची तैयार करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान चार्ज कार्यालयों में पहुंचकर गणना ब्लॉकों के गठन एवं सीमांकन संबंधी कार्यों का मैन्युअल सत्यापन किया गया। इसके साथ ही अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी, ईसागढ़, सहित विभिन्न चार्ज कार्यालयों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में विशेष रूप से यह जांच की गई कि गणना ब्लॉकों का विभाजन एवं सीमांकन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है या नहीं। गणना ब्लॉकों की सीमाओं की शुद्धता तथा निर्धारित मानकों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि जनगणना से संबंधित आगामी कार्यों को व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

दो हेक्टेयर में बनी उपमंडी 4 दिन से फुल परिसर में न पानी न शौचालय, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीते मंगलवार से बहादुरपुर कस्बे की उपमंडी में पैर रखने जगह नहीं है, प्रतिदिन 500 से अधिक वाहनों से मक्का, धान एवं सोयाबीन की आवक इस मंडी में हो रही है। जबकि मंडी में बने दोनों षेडों में करीब 200 वाहनों के लगाए जाने की व्यवस्था है। षेष वाहनों को डाकबोली के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर निर्माणाधीन बायपास पर ले जाया जा रहा है।

आवंटित करना चाहिए

स्थानीय गल्ला व्यापारी एवं भाजपा नेता मनोज कांसल ने बताया कि मंडी में प्रतिवर्ष बढ़ती आवक को देखते हुए इसके भौगोलिक विस्तार की आवष्यकता है। उनका कहना है कि परिसर से लगी हुई 4 हेक्टेयर शासकीय भूमि भी मंडी को आवंटित करनी चाहिए एवं अगले वर्ष तक इसे पूर्ण मंडी का दर्जा दिया जाना चाहिए। बता दें कि सन 1980 से लेकर 2018 तक बहादुरपुर में हाटमंडी थी। जिसके लिए 2 हेक्टेयर भूमि आवंटन किया गया था। 2018 में इसे उपमंडी में प्रोन्नत कर दिया गया और मौजूदा भूमि में ही 6 करोड़ की लागत से नवनिर्माण कराए गए थे। तब से अब तक मंडी में आवक लगातार बढ़ रही है। जिससे इसके विस्तार की आवष्यकता महसूस की जाने लगी है। खास बात है कि मंडी समिति के सचिव रविंद्र सिंह से इस समस्या के संबंध में कई बार संपर्क करने की कोषिष की जा चुकी है लेकिन न तो वह मंडी निरीक्षण के लिए आ रहे हैं और न ही फोन पर उपलब्ध हो रहे हैं।

प्रशासकीय भवन, कैंटीन सहित आधे परिसर पर व्यापारियों का कब्जा

8 वर्षों से संचालित इस उपमंडी में करीब दो दर्जन व्यापारी पंजीकृत हैं। इसके अलावा मुंगावली कृषिमंडी के व्यापारी भी यहां की डाकबोली में हिस्सा ले सकते हैं लेकिन प्रबंधन द्वारा अब तक व्यापारियों के लिए फड़ों का आवंटन नहीं किया गया है। ऐसे में प्रषासकीय भवन, किसान विश्राम गृह, कैंटीन एवं आधे से अधिक परिसर पर व्यापारियों द्वारा कब्जा कर खरीदी गई उपज को रख लिया गया है।

निरीक्षण कर रहा हूं

मैं दो दिन से लगातार निरीक्षण कर रहा हूं। अनुविभागीय अधिकारी ने भी गुरुवार को निरीक्षण किया था। आक्रोषित किसानों से चर्चा कर डाकबोली की अस्थाई व्यवस्था कराई गई थी। वाहनों को व्यवस्थित ढंग से लगवाया है, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टोकन बांटे जा रहे हैं। पौचालय एवं पेयजल संबंधी सुधार के लिए मंडी सचिव को निर्देषित किया गया है।

नवल किषोर दादौरिया, प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर

भानगढ़ में सरदार पटेल जयंती पर एकता रैली व मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर श्री सरदार सेवा समिति भानगढ़ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था समन्वय मंडपम के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन के माध्यम से युवाओं एवं नागरिकों ने समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट होने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। मैराथन सुबह 8 बजे थाना भानगढ़ से खुशीपुरा चौराहा तक निकाली गई। सभी ग्राम वासियों द्वारा माल्यार्पण किया एवं इसमें ग्राम के 250 विद्यार्थियों ने मैराथन में भागीदारी की इस अवसर पर प्रतिभागियों ने हमारा युद्ध नशे के विरुद्ध एवं नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों एवं राष्ट्र की एकता के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सत्यजीत सिंह ने कहा हमें हर एक ग्राम को नशे से मुक्त करना है। नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। कमजोर युवा अर्थात राष्ट्र की एकता अखंडता को ख़तरा, हमें शक्ति समपन्न और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए नशा मुक्त समाज तैयार करना होगा। समझना होगा, पढ़ना होगा और आगे बढ़ना होगा। थाना प्रभारी धानेन्द्र सिंह यादव ने ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और सन्देश दिया कि शासन, प्रशासन नशा मुक्ति अभियान में आपके साथ है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार रतिराम अहिरवार, सरपंच राजेश पटेल, भानगढ़ सरपंच हरगोविंद कुर्मी, सरपंच नन्दलाल पटेल, सचिन पटेल, जनपद सदस्य छमाधर पटेल, जनवेद यादव, जनपद सदस्य जगपाल यादव, सुरेन्द्र यादव, गोविंद पटेल, विनोद पटेल, ध्रुव कुर्मी उपस्थित रहे एवं आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, देवेंद्र पटेल, हरिराम पटेल, नरेश पटेल, हेमंत पटेल, ओम प्रकाश पटेल, कमलेश पटेल, राजकुमार पटेल, आजाद राजकुमार कुर्मी, रामचंद्र कुर्मी रोहित, पवन, राजेश, बृजेश, छोटे लाल, राजेश, अजय कुमार कुर्मी, रामबाबू, मुकेश, मलखान, गोविंद, अर्जुन, दशरथ, रतिराम, रामनारायण, विशाल, बृजभान, जित्तू, पप्पू आदि उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक निर्मला सप्रे, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल को किया नमन



बीना। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने देशी रियासतों का एकीकरण कर एक सूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, संघर्ष, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने उनके प्रेरणादायी जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को समझा।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने ह्यरन फॉर यूनिटीह्ल में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस गतिविधि के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो आरएस तिवारी ने किया तथा आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी गौरव बैलवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ एमएल सोनी, डॉ नमिता अग्निहोत्री, मोहम्मद रफीक शेख, डॉ राजेश कुमार सप्रे सहित कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।